अभ्यास पत्रिका क्रमांक : WT_7S_7.3.1_UBSE		उत्तराखण्डशिक्षणबोर्ड
कक्षा: **7**	विषय : विज्ञान	दिनांक :15/07/2021
पाठ क्रमांक व नाम : पाठ- 7, मौसम, जलवायु तथा जलवायु के अनुरुप जंतुओं द्वारा अनुकूलन		
उपविषय : जलवायु और अनुकूलन- उष्णकटिबंधीय वर्षावन।		

	खण्ड - 1
प्रश्न1	सही के लिए स एवं गलत के लिए ग चिन्हित कीजिए।
1a	कठोर परिस्थितियों से बचने का एक तरिका प्रवास है।
उत्तर:	स
1b.	उष्णकटिबंधीय वर्षावन के जंतु एक ही प्रकार का भोजन करते हैं।
उत्तर:	ग
प्रश्न 2	सही उत्तर चुनें।
	निम्नलिखित में से कौन से कथन सही है? a) जंतु वृक्ष पर रहते हैं। b) जंतुओं की आवाज़ तेज़ होती है। c) जंतुओं की चमड़ी मोटी और नज़र तेज़ होती है। d) इनमें से सभी
उत्तर:	d) इनमें से सभी
	खण्ड - 2
प्रश्न 3	रिक्त स्थान भरें
	पश्चिमी घाट के वर्षावनों में रहने वाले लायन-टेल्ड मैकाक को दाढी वाला ऐप भी कहा जाता है।

eVidyaloka
To Educate - Anywhere Anytime

प्रश्न 4	विशेषताओं के आधार पर कोई एक जंतु का नाम बताइए
	4 a. लंबी और बड़ी चोंच - ____________________________। 4 b. तेज़ आवाज़ - ____________________________। 4 c. सिर के चरों ओर सफ़ेद-चाँदी नुमा अयाल - ____________________________। 4 d. मोटी चमड़ी
उत्तर:	4 a. लंबी और बड़ी चोंच - टूकन 4 b. तेज़ आवाज़ - हाथी 4 c. सिर के चरों ओर सफ़ेद-चाँदी नुमा अयाल - लॉयन टेल्ड लँगूर। 4 d. मोटी चमड़ी- शेर
खण्ड- 3	
	प्रश्नों का उत्तर संक्षेप में दें।
प्रश्न 5	उष्णकटिबंधीय वर्षावन के घटक क्या हैं?
उत्तर:	उष्णकटिबंधी क्षेत्रों की जलवायु सामान्यतः गर्म होती है क्योंकि ये क्षेत्र भूमध्यरेखा के आस - पास स्थित होते हैं। सबसे सर्द महीनों में भी तापमान सामान्यतः 15^0 C से अधिक रहता है। गर्मियों में तापमान 40^0 C से अधिक हो जाता है । वर्षभर दिन और रात की लंबाई लगभग बराबर होती है। इन क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में वर्षा हाती है।
प्रश्न 6	उष्णकटिबंधीय वर्षावन क्षेत्र में पाए जाने वाले 6 जंतुओं का नाम सूचीबद्ध करें ।

उत्तर:	उष्णकटिबंधीय वर्षावन क्षेत्र में पाए जाने वाले 6 जंतुओं का नाम निम्न है 1. कपि 2. बंदर 3. गुरिल्ला 4. चीता 5. छिपकली 6. सर्प
प्रश्न 7	उष्णकटिबंधीय वर्षावन में रहने वाले जीवों की विशेषताएँ क्या है?
उत्तर:	उष्णकटिबंधीय वर्षावन में रहने वाले जंतु में वे सभी गुण और लक्षण , जो जंतुओं को उनके परिवेश से अनुकूलन में सहायक होते हैं।
प्रश्न 8	उष्णकटिबंधीय वर्षावनों से जुड़े 8 स्थानों को सूचीबद्ध करें।
उत्तर:	उष्णकटिबंधीय वर्षावनों से जुड़े 8 स्थान निम्न हैं 1. भारत 2. मलेशिया 3. इंडोनेशिया 4. ब्राजील 5. काँगो गणतंत्र 6. केन्या 7. यूगान्डा

	8. नाइजीरिया
भाग 4	
	प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें।
प्रश्न 9	उष्णकटिबंधीय वर्षावनों पर विस्तार से चर्चा करें। दस जंतुओं और स्थानों की सूची बनाएँ जहाँ उष्णकटिबंधीय वर्षावन मौजूद है।
उत्तर:	उष्णकटिबंधी क्षेत्रों की जलवायु सामान्यतः गर्म होती है क्योंकि ये क्षेत्र भूमध्यरेखा के आस - पास स्थित होते हैं। सबसे सर्द महीनों में भी तापमान सामान्यतः 15^0 C से अधिक रहता है। गर्मियों में तापमान 40^0 C से अधिक हो जाता है । वर्षभर दिन और रात की लंबाई लगभग बराबर होती है। इन क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में वर्षा हाती है। उष्णकटिबंधीय वर्षावन मौजूद दस जंतुओं के नाम निम्न हैं- 1. कपि, 2. बंदर, 3. गुरिल्ला, 4. चीता, 5. छिपकली, 6. सर्प, 7. मेढक, 8. टूकन,9. शेर, 10. हाथी उष्णकटिबंधीय वर्षावन मौजूद दस देशों के नाम निम्न हैं- 1. भारत, 2. मलेशिया, 3. इंडोनेशिया, 4. ब्राजील, 5. काँगो गणतंत्र, 6. केन्या, 7. यूगान्डा, 8. नाइजीरिया, 9. कैमरुन, 10. फिलीपींस
प्रश्न 10	उष्णकटिबंधीय वर्षावनों में जंतुओं द्वारा अनुकूलन पर चर्चा करें।
उत्तर:	सतत् गर्मी और वर्षा के कारण इस क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पादप और जंतु पाए जाते हैं। वर्षावन में जलवायवी परिस्थितियाँ अनेक किस्मों के जंतुओं की विशाल जनसंख्या के जीवनयापन के लिए अत्यधिक उपयुक्त हैं। चूँकि जंतुओं की संख्या अधिक है, अतः उनमें भोजन और आश्रय के लिए सघन प्रतिस्पर्धा होती है। अनेक जंतु वृक्षों पर रहने के लिए अनुकूलित होते हैं।